गुरु भगवान आये है

सजा दो घर को मंदिर सा,
गुरु भगवान आये है,
गुरु भगवान आये है,
सजा दो घर को मंदिर सा,
गुरु भगवान आये है॥

पखारो इनके चरणों को,
बहाकर प्रेम की गंगा,
निहारो मेरे गुरुवर को,
सजाकर भावों की कलियां,
बिछा दो अपनी पलको को,
गुरु भगवान आये है,
सजा दो घर को मंदिर सा,
गुरु भगवान आये है॥

उमड़ आई मेरी आँखें,
देखकर छोटे बाबा को,
बड़ी प्यासी थी ये अखियां,
मेरे गुरुवर के दर्शन को,
हुई रोशन मेरी दुनियां,
गुरु भगवान आये है,
सजा दो घर को मंदिर सा,
गुरु भगवान आये है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25007/title/guru-bhagwan-aaye-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |